Re: Allocation of funds for the construction of Farrukhabad-Mailaini railway line

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): महोदय, फर्रुखाबाद ? अल्लाहगंज - जलालाबाद - शाहजहांपुर - पुवायां - खुटार - मैलानी, जिसकी दूरी लगभग 200 किलोमीटर के आसपास है, नई रेलवे लाइन को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा इसका सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है, लेकिन इस परियोजना पर अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

मैं सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि उपरोक्त रेलवे लाइन के स्थापित किए जाने से जहां शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, लखमीपुर-खीरी, बदायूं, पीलीभीत, जो अत्यधिक पिछड़े जिले हैं, इन जनपदों के दूरगामी ग्रामीण अंचल रेलवे नेटवर्क से जुड़ सकेंगे, वहीं सैन्य छावनियों के कारण शाहजहांपुर और फतेहगढ़ जैसे सुरक्षा की दृष्टि से सामरिक केंद्रों का जुड़ाव सीधे मथुरा, आगरा ग्वालियर, झांसी और टनकपुर स्थित छावनियों से होने पर संवेदनशील रहने वाली उत्तरी सीमा को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी ।

अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपयुक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए

फर्रुखाबाद-मैलानी रेलवे लाइन के निर्माण हेतु धन का आवंटन शीघ्र किया जाए ताकि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ देश को सामरिक दृष्टिकोण से भी मजबूती मिल सके ।